# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 24 जुलाई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 33 हजार 626 सैम्पलों की हुई जांच
## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 0.4 प्रतिशत

- आज 24 जुलाई की स्थिति में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.4 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 33 हजार 626 सैंपलों की जांच में से 156 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## प्रदेश में बीते सप्ताह संक्रमण की औसत दर 0.58 प्रतिशत रही

- प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर और घटकर 23 जुलाई की स्थिति में 0.39 प्रतिशत पर पहुंच गई है। विगत 23 जुलाई को प्रदेश भर में हुए 30 हजार 450 सैंपलों की जांच में 118 लोग पॉजिटिव पाए गए। कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने और रोज कम संख्या में नए मरीज मिलने के कारण कोविड–19 के सक्रिय मामले भी तेजी से घट रहे हैं।
- बीते सप्ताह 17 जुलाई से 23 जुलाई के बीच प्रदेश में कोरोना संक्रमण की औसत दर 0.58 प्रतिशत रही है। इस दौरान संक्रमण की दर 17 जुलाई को 0.56 प्रतिशत, 18 जुलाई को 0.61 प्रतिशत, 19 जुलाई को 0.78 प्रतिशत, 20 जुलाई को 0.59 प्रतिशत, 21 जुलाई को 0.6 प्रतिशत, 22 जुलाई को 0.55 प्रतिशत और 23 जुलाई को 0.39 प्रतिशत रही है।

## बस्तर संभाग में 10 लाख लोगों से अधिक की मलेरिया जांच में पॉजिटिविटी दर 0.87 प्रतिशत

- मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम अब तक 3 लाख 16 हजार घरों में पहुंचकर 14 लाख 30 हजार लोगों की मलेरिया जांच कर चुकी है। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए 9392 मरीजों का मौके पर ही इलाज शुरू किया गया है। बस्तर संभाग के सातों जिलों में इस अभियान का चौथा चरण 15 जून से शुरू किया गया है। वहां अब तक 10 लाख से अधिक लोगों की मलेरिया जांच की गई है जिनमें 8742 पॉजिटिव पाए गए हैं। बस्तर संभाग में अभियान के पहले, दूसरे और तीसरे चरण में पॉजिटिविटी दर क्रमशः 4.6 प्रतिशत, 1.27 प्रतिशत और 1.04 प्रतिशत रही थी, जो अभी वर्तमान में संचालित चौथे चरण में और घटकर 0.87 प्रतिशत पर आ गई है। अभियान के प्रभाव से वहां मलेरिया के मामलों में लगातार कमी आ रही है। पूर्व में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के नाम से चलाए गए इस अभियान के असर की सराहना नीति आयोग और यूएनडीपी ने भी की है और इसे देश के आकांक्षी जिलों में संचालित सर्वश्रेष्ठ अभियानों में से एक बताया है।
- बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के चौथे चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीम अब तक 2 लाख 10 हजार 174 घरों में पहुंचकर 10 लाख 658 लोगों की मलेरिया जांच कर चुकी है। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए 8742 लोगों का तत्काल इलाज शुरू किया गया। अभियान के तहत अब तक बस्तर जिले में 1 लाख 18 हजार 738, बीजापुर में 1 लाख 60 हजार 927, दंतेवाड़ा में 2 लाख 36 हजार 223, कांकेर में 61 हजार 468,

कोंडागांव में 59 हजार 801, सुकमा में 2 लाख 42 हजार 341 और नारायणपुर में 1 लाख 21 हजार 160 लोगों की जांच की जा चुकी है। इस दौरान बस्तर जिले में 1319, बीजापुर में 1146, दंतेवाड़ा में 1215, कांकेर में 430, कोंडागांव में 371, सुकमा में 1083 और नारायणपुर में 3178 लोग मलेरियाग्रस्त पाए गए।

- मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के दूसरे चरण वाले सरगुजा जिले में अब तक 44 हजार 188, सूरजपुर में 18 हजार 571, बलरामपुर-रामानुजगंज में 75 हजार 848, जशपुर में 70 हजार 721 और कोरिया में 26 हजार 917 लोगों की जांच की गई है। अभियान में पहली बार शामिल गरियाबंद जिले में अब तक 49 हजार 929, धमतरी में 49 हजार, कोरबा में 18 हजार 518, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 11 हजार 786, रायगढ़ में 4244, मुंगेली में 3556, राजनांदगांव में 19 हजार 823, कबीरधाम में 20 हजार 753 तथा बालोद में 15 हजार 397 लोगों की मलेरिया जांच की गई है। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग की टीम अब तक 1 लाख 6 हजार घरों में पहुंचकर 4 लाख 29 हजार 252 लोगों की जांच कर चुकी है, जिनमें 650 पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें सरगुजा के 8, बलरामपुर और कोरिया के 11-11, गरियाबंद के 110, धमतरी के 165, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और मुंगेली के 1-1, रायगढ़ के 3, राजनांदगांव के 235, कबीरधाम के 74 और बालोद जिले के 30 मरीज शामिल हैं।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 156 |
| | | कुल | 1001037 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 129 |
| | | कुल* | 168427 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 281 |
| | | कुल* | 816310 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 410 |
| | | कुल | 984737 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 2789 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 03 | कोविड–19 | 02 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 01 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

| |
|---|
| आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 33,626 |



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →



## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 24-07-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 9 | 96461 | 7 | 14517 | 2 | 80021 | 94538 | 132 | | 1791 |
| 2 | राजनांदगांव | 4 | 55989 | 2 | 12694 | 0 | 42719 | 55413 | 63 | | 513 |
| 3 | बालोद | 9 | 27220 | 1 | 9265 | 1 | 17515 | 26780 | 45 | 1 | 395 |
| 4 | बेमेतरा | 1 | 19937 | 2 | 3350 | 11 | 16339 | 19689 | 12 | | 236 |
| 5 | कबीरधाम | 1 | 22759 | 0 | 2361 | 4 | 20092 | 22453 | 39 | | 267 |
| 6 | रायपुर | 15 | 157608 | 5 | 30716 | 16 | 123600 | 154316 | 156 | | 3136 |
| 7 | धमतरी | 7 | 27134 | 1 | 2721 | 11 | 23760 | 26481 | 110 | | 543 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 1 | 42829 | 6 | 8989 | 10 | 33281 | 42270 | 89 | | 470 |
| 9 | महासमुंद | 1 | 31266 | 1 | 4035 | 2 | 26811 | 30846 | 58 | | 362 |
| 10 | गरियाबंद | 9 | 19638 | 1 | 3574 | 3 | 15806 | 19380 | 64 | 1 | 194 |
| 11 | बिलासपुर | 0 | 65328 | 0 | 7355 | 24 | 56639 | 63994 | 130 | | 1204 |
| 12 | रायगढ़ | 3 | 62374 | 1 | 12665 | 14 | 48604 | 61269 | 129 | | 976 |
| 13 | कोरबा | 7 | 54465 | 1 | 4922 | 11 | 48858 | 53780 | 110 | 1 | 575 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 4 | 57254 | 2 | 8017 | 32 | 48174 | 56191 | 240 | | 823 |
| 15 | मुंगेली | 4 | 23873 | 0 | 991 | 1 | 22682 | 23673 | 34 | | 166 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 1 | 11987 | 2 | 916 | 1 | 10887 | 11803 | 38 | | 146 |
| 17 | सरगुजा | 2 | 33571 | 0 | 4167 | 15 | 29084 | 33251 | 75 | | 245 |
| 18 | कोरिया | 2 | 26852 | 5 | 1770 | 4 | 24833 | 26603 | 74 | | 175 |
| 19 | सूरजपुर | 1 | 28974 | 0 | 2094 | 5 | 26571 | 28665 | 85 | | 224 |
| 20 | बलरामपुर | 2 | 20235 | 0 | 1516 | 8 | 18547 | 20063 | 55 | | 117 |
| 21 | जशपुर | 8 | 26793 | 1 | 4940 | 16 | 21484 | 26424 | 157 | | 212 |
| 22 | बस्तर | 13 | 20699 | 21 | 5438 | 6 | 14875 | 20313 | 198 | | 188 |
| 23 | कोंडागांव | 6 | 13020 | 4 | 1812 | 10 | 11015 | 12827 | 95 | | 98 |
| 24 | दंतेवाडा | 4 | 10699 | 0 | 4428 | 26 | 6161 | 10589 | 87 | | 23 |
| 25 | सुकमा | 18 | 7889 | 58 | 4327 | 7 | 3356 | 7683 | 188 | | 18 |
| 26 | कांकेर | 11 | 23328 | 3 | 3542 | 9 | 19469 | 23011 | 97 | | 220 |
| 27 | नारायणपुर | 1 | 3966 | 3 | 3157 | 0 | 744 | 3901 | 52 | | 13 |
| 28 | बीजापुर | 11 | 8147 | 2 | 3547 | 32 | 4383 | 7930 | 167 | | 50 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 742 | 0 | 601 | 0 | 0 | 601 | 10 | | 131 |
| | **महायोग** | 156 | 1001037 | 129 | 168427 | 281 | 816310 | 984737 | 2789 | 3 | 13511 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

**मीडिया प्रभारी**
**राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर**
**(COVID19)**



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

